

# दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक बनेगी फोर लेन सड़क

## निगम आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण, ठेकेदार को शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 4-5-2021

विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से कानवेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन सड़क निर्माण के तहत दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक सड़क निर्माण कार्य हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी आदि के साथ स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश ठेकेदार रूपेश पिरोदिया को दिये। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से डीआरएम ऑफिस तक 4 लेन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। लॉक डाउन अवधि में आवागमन नहीं होने दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क का निर्माण कराया जाना है।

### आयुक्त ने दिए निर्देश

निगम आयुक्त ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें ताकि लॉक डाउन अवधि में सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

4-5-2021

# अब दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहे तक बनेगी फोरलेन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक फोरलेन निर्माण में पहले चरण में प्रताप चौक से दो बत्ती तक सड़क बन चुकी है। अब दूसरे चरण में दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहे तक निर्माण शुरू होगा।

मालूम हो कि करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से कान्वेंट तिराहा से सैलाना बस स्टैंड प्रताप चौक तक फोरलेन, दो बत्ती चौराहा से डाट की पुल तथा न्यू रोड चौराहे से शहर सराय तक टू लेन सड़क निर्माण के लिए नवंबर 2019 में भूमिपूजन किया गया था। इसके बाद न्यूरोड से शहर सराय तक टू लेन का काम पूरा हो गया जबकि दो बत्ती से प्रताप चौक तक फोरलेन सड़क के



दो बत्ती चौराहा पर निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। ● नईदुनिया 4-5-2021

सोमवार को निगम आयुक्त ... शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश ठेकेदार रूपेश पिरोदिया को दिए। निगम आयुक्त ... काला घोड़ा चौराहा तक फोरलेन सड़क का निर्माण जल्द पूरा किया जा सकता है।

१०

## मास्क नहीं लगाने पर 11 व गंदगी करने पर 2 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रुपए का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई। इसके अलावा टीआईटी रोड क्षेत्र में खुले में गंदगी करने पर राहुल पाटीदार व श्याम किराना वाले पर 500-500 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति ना करने की समझाइश दी।

स्वदेश 4-5-2021

## मास्क नहीं लगाने वाले 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर के निर्देशानुसार कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिए नगरीय क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पाट फाइन दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 11 लोगों से मास्क नहीं लगाने पर 100-100 रुपये का जुर्माना वसूल कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई। नई दुनिया 4-5-21

कार्रवाई

## जवानों द्वारा की जा रही अभद्रता, मास्क नहीं लगाने पर 11 पर जुर्माना

4-5-2021

रतलाम @ पत्रिका. काम होने पर घर से बाहर आ रहे लोगों को रोककर अब उनके साथ चौराहों पर खड़े सुरक्षाकर्मियों द्वारा अभद्रता करने के मामले सामने आने लगे हैं। चौराहों पर तैनात इन जवानों को बदतमिजी करने की इतनी जल्दी रहती है कि वाहन दिखते ही वह चालक पर बरस पड़ते हैं। ये लोग इतना भी नहीं पूछते कि आखिर किस कारण से व्यक्ति परिवार के साथ सड़क पर आया है और यदि कोई वाहन चालक आपत्ति लेता है और तमीज से बात करने का बोल देता है तो उसको ये लोग कानून का डर दिखाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था, उन पर 100-100 रुपए का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई। म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अंतर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम के लिए शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है।

पत्रिका 4-5-2021

## मास्क नहीं लगाने पर 11 व गंदगी करने पर 2 व्यक्तियों पर जुर्माना

राज 4-5-2021

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई।

इसके अलावा टीआईटी रोड क्षेत्र में खुले में गंदगी करने पर राहुल पाटीदार व श्याम किराना वाले पर 500-500 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति ना करने की समझाईश दी।

म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगावें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

राजएक्सप्रेस, 4-5-2021

## मास्क नहीं लगाने पर 11 व गंदगी करने पर 2 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई। इसके अलावा टीआईटी रोड क्षेत्र में खुले में गंदगी करने पर राहुल पाटीदार व श्याम किराना वाले पर 500-500 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति ना करने की समझाईश दी। म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगावें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

दैनिक भास्कर 4-5-2021

## मास्क नही लगाने पर 6 लोगों पर जुर्माना

रतलाम। कोरोना संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नही लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाइन दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 6 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था, उनपर 100-100 रुपए का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई। म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अंतर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगावें अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

प्रसारण 4-5-2021

**टीके का टोटा : सीमित संख्या में टीकाकरण**

# अब कल से 18+ को वैक्सीन देने का दावा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. प्रदेश में अब 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के टीकाकरण की शुरुआत 5 मई से करने का दावा है। वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण 5 और 6 मई को 104 केन्द्रों पर सिर्फ 10 हजार 400 लोगों को टीका लगाया जाएगा। इसके बाद 8 और 10 मई को 406 केन्द्रों पर 41 हजार लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। 12, 13 और 15 मई को 960 केन्द्रों में 96 हजार लोगों को टीके लगाए जाएंगे। बाद में वैक्सीन की उपलब्धता के हिसाब से कार्यक्रम आगे बढ़ाया जाएगा। फिलहाल इस आयु वर्ग के लिए दोनों कंपनियों से वैक्सीन के डेढ़ लाख डोज प्रदेश को मिले हैं। इससे पहले 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वालों को 1 मई से टीका लगाया जाना था, फिर 3 मई की तारीख तय हुई, लेकिन दोनों बार ऐसा नहीं हो सका।

## 'ऐसे तो महीनों लगेंगे'

पूर्व सीएम कमलनाथ ने सीएम शिवराज सिंह चौहान से कहा कि यह कार्यक्रम देखकर आश्चर्य हो रहा है। जिस वैक्सीनेशन कार्यक्रम को प्रतिदिन, दिन-रात और बेहद तीव्र गति से होना चाहिए, वह अब प्रदेश में अलग-अलग तारीखों में होगा और वह भी सीमित संख्या में। ऐसे तो प्रदेश के नागरिकों को वैक्सीन लगाने में महीनों लग जाएंगे।



**शिवराज बोले-**

## जरूरत पड़ी तो विदेशी कंपनियों से भी करेंगे बात


- सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बताया, प्रदेश में 18 वर्ष से ज्यादा आयु वर्ग के लोगों के टीकाकरण के लिए 5 करोड़ 29 लाख डोज की जरूरत है।
- इसमें 4 करोड़ 76 लाख टीके कोविशील्ड और 52 लाख 25 हजार टीके कोवैक्सीन की सप्लाई के ऑर्डर दिए हैं।
- यदि इन कंपनियों ने आपूर्ति में देरी की तो विदेशी वैक्सीन निर्माता कंपनियों से भी बातचीत कर वैक्सीन लाने की संभावनाएं टटोल रहे हैं।
- सीएम ने बताया, 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण पहले जैसा चलेगा। यह कार्यक्रम टीके की उपलब्धता के अनुसार होगा।

# 18 वर्ष से अधिक के युवा कराएं रजिस्ट्रेशन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. सरकार ने 18 साल से ऊपर के युवाओं को भी कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया है। जिले में रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं किंतु इसकी गति थोड़ी कम है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष देवेंद्रसिंह सेजावता ने युवाओं से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाकर कोरोना को हराने में सहयोग करें। सेजावता ने कहा कि हर एक युवा को वैक्सीन लगवाना चाहिए जिससे वे और उनका परिवार सुरक्षित रह सकें। 45 वर्ष या इससे अधिक के लिए चल रहे टीकाकरण में भी आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सेजावता ने कहा कि किसी को इस टीके से डरने या हिचकने की जरूरत नहीं है। टीका सुरक्षित है और इस महामारी से लड़ने में सक्षम है।

4/5/2021




# 45+ की उम्र के लोगों में अब दिख वैक्सीन, लायंस हॉल में सुबह से भीड़

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोविड टीकाकरण को लेकर एक बार फिर केंद्रों पर लोगों की भीड़ नजर आने लगी है। मंगलवार को लायंस हॉल में टीका लगवाने वालों की लंबी कतार रही। जिले में पांच केंद्रों पर कोविड के टीके लगाए गए थे। सत्रों के दौरान 2091 लोगों ने टीका लगवाया। लायंस हॉल में 840 लोगों को वैक्सीन लगी। आईएमए हॉल गोशाला रोड में 519 लोगों को टीके लगे है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया 4 मई को सिर्फ पुराने कलेक्टोरेट में को-वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा। जिन लोगों ने 4 और 5 अप्रैल को टीका लगवाया था, वे पुराना कलेक्टोरेट में टीका लगवा सकते है।




रतलाम के लायंस हॉल में 45 प्लस के टीकाकरण में इस तरह भीड़ उमड़ी।

# प्रदेश में डेढ़ लाख से अधिक कोरोना मरीजों तक पहुंची मेडिकल किट

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार होम आइसोलेट कोरोना मरीजों को मेडिकल किटों का वितरण लगातार जारी है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि अभी तक 52 जिलों में एक लाख 61 हजार 413 मेडिकल किट वितरित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया है कि 18 अप्रैल से दो मई के मध्य नगरीय क्षेत्रों में फीवर क्लीनिक व होम डिलीवरी के माध्यम से एक लाख 61 हजार 413 मेडिकल किट कोविड मरीजों को उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि 18 अप्रैल को 12 हजार 583, 19 अप्रैल को 16 हजार 914, 20 अप्रैल को 11 हजार 465, 21 अप्रैल को 10 हजार 327, 22 अप्रैल को 11 हजार 76, 23 अप्रैल को 11 हजार 17, 24 अप्रैल को 10 हजार 658, 25 अप्रैल को 9 हजार 497, 26 अप्रैल को 9 हजार 360, 27 अप्रैल को 9 हजार 705 , 28 अप्रैल को 11 हजार 141, 29 अप्रैल को 9 हजार 347, 30 अप्रैल को 8 हजार 958, एक मई को 10 हजार 253 और 2 मई को 9 हजार 112 कोविड मरीजों को मेडिकल किट वितरित की गई हैं।

दै. [illegible] 4-5-2021

# प्रदेश में एक लाख से अधिक कोरोना मरीजों तक पहुंची मेडिकल किट

**भोपाल ●** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के निर्देशानुसार होम आइसोलेट कोरोना मरीजों को मेडिकल किटों का वितरण लगातार जारी है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री [illegible]

जानकारी दी कि 18 अप्रैल को 12 हजार 583, 19 अप्रैल को 16 हजार 914, 20 अप्रैल को 11 हजार 465, 21 अप्रैल को 10 हजार 327, 22 अप्रैल को 11 हजार 76, 23 अप्रैल को 11 हजार 17, 24 अप्रैल को 10 हजार 658, 25 अप्रैल को 9 हजार

## 17 हजार श्रमिकों के खातों में जमा होंगे 379 करोड़

भोपाल। प्रदेश के 17 हजार से ज्यादा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक परिवारों के खातों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को 379 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक के माध्यम से खातों में अंतरित करेंगे। संबल योजना से यह सहायता राशि दी जाएगी। अब तक योजना के तहत 1,907 करोड़ रुपये श्रमिकों को उपलब्ध कराए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के 2.28 लाख हितग्राहियों को यह सहायता उपलब्ध कराई गई है। - ब्यूरो

4-5-2021

## मुख्यमंत्री आज 17 हजार श्रमिकों के खाते में अंतरित करेंगे 379 करोड़ रुपए

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार, 4 मई को जन-कल्याण संबल योजना में लगभग 17 हजार असंगठित श्रमिक परिवारों के बैंक खाते में 379 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे।

# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाई निरंतर जारी

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर श्री गोपालचन्द डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहूचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है।

## सुविधाघरों की सफाई पर भी निगरानी

नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सत्त निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य संपादित कर रहे है।

# कोरोना पॉजिटिव वृद्ध उपचार के लिए जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तक भटकता रहा




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे एक वृद्ध मरीज को यहां भर्ती ना करते हुए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। मरीज जब उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचा तो उसे वहां पर जगह नहीं होने की बात कहते हुए फिर से जिला अस्पताल जाने की हिदायत दे दी जिस पर मरीज फिर से उठकर जिला अस्पताल पहुंच गया।

रतलाम निवासी 60 वर्षीय बालू कुमावत की मानें तो उसके द्वारा एक दिन पूर्व जांच कराई गई थी जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। रिपोर्ट आने के बाद से वह उपचार के लिए इधर से उधर भटक रहा है और कोई भी उसका उपचार करने के लिए तैयार नहीं है। जिला अस्पताल के डॉक्टर उसे कहते हैं कि मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए जाए और वहां जाने पर कहा जाता है कि जिला अस्पताल में ही उपचार होगा वहां जाओ। ऐसे में दो अस्पतालों के बीच के चक्कर खाते हुए परेशान होकर वृद्ध सोमवार को जिला अस्पताल में आकर बैठ गया और उसे भर्ती करने की गुहार लगाता रहा।

# मेडिकल कॉलेज की चार नर्स पॉजिटिव, कोविड टेस्ट के लिए पहुंची तो 2 घंटे करना पड़ा इंतजार



रतलाम. मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग हॉस्टल में रहने वाली 4 नर्सों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके बाद नर्सों के साथ काम करने और हॉस्टल में साथ में रहने वाली अन्य नर्सें सोमवार शाम जांच के लिए मेडिकल कॉलेज से जिला अस्पताल पहुंची तो जांच करने वाला कोई नहीं था। करीब 2 घंटे इंतजार के बाद कर्मचारी पहुंचे तो सिर्फ 4 से 5 नर्सों का ही टेस्ट करने की बात कही गई। उनका कहना था जो अभी जो साथ में रहती थी उनकी जांच होगी, शेष सभी की सुबह जांच की जाएगी।

**आलोट विधायक की अनुशंसा पर प्रशासकीय स्वीकृति जारी-** आलोट विधायक मनोज चावला द्वारा अनुशंसित कार्य के लिए 11 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड ने जारी की है। कोविड-19 रोकथाम के लिए जावरा सिविल हॉस्पिटल में संचालित कोविड केयर सेंटर में मरीजों के इलाज के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुशंसित आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं दवाइयों के लिए उक्त राशि की प्रशासकीय एवं तकनीकी शिक्षा जारी की गई।

पत्रिका 4 5 2021

**निगम आयुक्त ने पूर्व महापौर के साथ किया निरीक्षण**

# शहर के दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहा तक बनेगी फोरलेन सड़क

रतलाम. मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन सड़क निर्माण के तहत दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक भी नगर निगम 4 लेन सड़क बनाएगा। निगम अधिकारियों ने पूर्व महापौर के साथ सोमवार को निरीक्षण किया है।



मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन सड़क निर्माण के तहत दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक सड़क निर्माण कार्य हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि के साथ स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश ठेकेदार को दिये है। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से डीआरएम ऑफिस तक 4 लेन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। लॉक डाउन अवधि में आवागमन नहीं होने दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क का निर्माण कराया जाना है। निगम आयुक्त ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें ताकि लॉक डाउन अवधि में सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

## यहां अब तक इंतजार

बता दे कि नगर निगम ने 2019 में नगर निगम से पैलेस रोड तक सिटी 4 लेन बनाने का टेंडर निकाला था। इसके बाद इसको मार्च 2020 में टेंडर कमेटी में भेजा गया। यहां पर बने हुए नाले को नया बनाने के मामले में अब तक नितीगत निर्णय जनप्रतिनिधि व निगम नहीं ले पाया है, इसलिए अब तक काम शुरू डेढ वर्ष में भी निगम नहीं कर पाई है। इन सब के बीच एक नया निरीक्षण निर्माण को लेकर किया गया है।

4-5-2021

# दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक रोड चौड़ा होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहा तक फोरलेन में तब्दील हो चुके पॉवर हाउस रोड को आगे महाराजा सज्जन सिंह चौराहा होकर कॉन्वेंट स्कूल तिराहा तक फोरलेन इतना चौड़ा किया जाना है। पहले दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक



सड़क निर्माण की रूपरेखा ...

# 355 नए कोरोना पाजिटिव, पांच की मौत

## कोरोना कर्फ्यू के बाद भी नए मरीजों की संख्या में वृद्धि से बढ़ी चिंता



तलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ोरोना की रफ्तार थामने के लिए अप्रैल ाह में पहले तीन व चार मई को फिर े अप्रैल से लगातार अब तक कोरोना र्फ्यू लगाया गया, लेकिन संक्रमण ी दर पर इसका असर नहीं पड़ा। मार्च ं जहां संक्रमण की दर 14 प्रतिशत थी हीं अप्रैल में यह बढ़कर 17.5 हो ई। मई के दो दिनों में सैंपलों के मान से र 26.5 प्रतिशत है। ऐसे में हर तीसरा क्ति पाजिटिव मिल रहा है। इस द्धि से प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की िंताएं बढ़ गई हैं। प्रतिदिन मिलने वाले ए मरीजों की संख्या भी अब 300 से अधिक हो गई है। मंगलवार को 355 नए रीज मिले जबकि पांच की मौत हो गई।

मालूम हो कि कोरोना काल में मार्च माह की समाप्ति तक कुल 94087 सैंपलों की जांच में 5516 मरीज मिले थे। इसके बाद अप्रैल माह में 30138 सैंपलों की रिपोर्ट में 5289 नए पाजिटिव मिले। नए मरीजों की संख्या के मान से 17.5 प्रतिशत संक्रमण दर रही। मई माह की शुरूआत भी डराने वाली है। दो मई को 1285 सैंपलों में 345 मरीज मिले थे। इस मान से 26.5 प्रतिशत की संक्रमण दर है। यही हाल रहा तो नए मामलों की संख्या और तेजी से बढ़ने की आशंका है।

कोरोना का कहर अप्रैल के बाद मई में भी घातक सिद्ध हो रहा है। पहले ही दिन 325, दूसरे दिन 345 नए संक्रमितों की संख्या ने सभी को चिंता में डाल दिया, वहीं तीसरे दिन सोमवार को 355 नए मरीज मिले। पांच मौत भी हुई। 329 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 1887 है। मई के तीन दिन में कुल 1025 नए संक्रमित सामने आए हैं और 928 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। 11 मौत हुई। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी 1500 से ज्यादा ही बनी हुई है।

### 337 लोगों को मिली स्वस्थ होने की खुशी

कोरोना से संक्रमित 337 लोगों को सोमवार को स्वस्थ होने की खुशी मिली। इन्हें स्वस्थ होने पर आज डिस्चार्ज किया गया। मेडिकल कालेज से 29 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। इसी प्रकार होम आइसोलेशन से 255 व्यक्तियों को रिपोर्ट निगेटिव आने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। श्रद्धा हास्पिटल से पांच व्यक्ति को डिस्चार्ज किया गया। आशीर्वाद नर्सिंग होम, रतलाम हास्पिटल से एक-एक, जनक हास्पिटल से तीन, गायत्री हास्पिटल से चार, रेलवे हास्पिटल, सीएचएल हास्पिटल से दो-दो तथा अन्य सेंटर से 35 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। सभी ने कोविड निर्देशों का पालन करने तथा अपने परिचितों, स्वजनों को मास्क लगाने, पर्याप्त दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया।

### नान आक्सीजन वाले 110 बेड खाली

मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि 49 नए मरीज भर्ती हुए। सोमवार की स्थिति में मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 202 में से 92 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 440 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 277 पाजिटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 110 है। उन्होंने बताया कि मरीजों एवं उनके स्वजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है।




शासकीय मेडिकल कालेज में सैनिटाइजेशन करते हुए कर्मचारी। ● नईदुनिया



रतलाम के रहवासी क्षेत्र में सैनिटाइजेशन करते हुए कर्मचारी। ● नईदुनिया

### प्रतिदिन योग-प्राणायाम करें, अपनी बारी आने पर वैक्सीन जरूर लगवाएं



नमिता शाकल्य

टीकाकरण केंद्र पर पात्र लोग टीका लगवाने ही नहीं जा रहे है। कोरोना की तीसरी लहर को रोकना है तो वैक्सीनेशन जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए योग प्राणायाम प्रतिदिन करें। कोविड गाइड लाइन का पालन करें। प्रशासन को सहयोग करें। स्वस्थ रहें-सुरक्षित रहें।

**-नमिता शाकल्य, पूर्व जनपद अध्यक्ष, गांधी कालोनी जावरा**



अविना पोरवाल

कोरोना संक्रमण के इस विकट समय में बहुत ही सावधानी की जरूरत है। एक मास्क ही है, जो इस महामारी को फैलने से रोक सकता है। स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मास्क ऐसे पहनें कि मुंह और नाक पूरी तरह से ढके रहे। टीका लगवाना भी जरूरी है।

**- अविना पोरवाल, छात्रा सीए फाइनल, दादावाड़ी के सामने जावरा**



बालाराम टेलर

गाइड-लाइन का पूरी ईमानदारी से पालन करें। अपनी बारी आने पर टीकाकरण केंद्रों पर जाकर प्राथमिकता के आधार पर टीके लगवाएं। हाथों को बार-बार सैनिटाइज करें। दो गज की दूरी बनाकर ही किसी व्यक्ति से मिले। मास्क आवश्यक रूप से लगाएं।

**- बालाराम टेलर, सुपरवाइजर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढोढर**



साधना खेमसरा

कोरोना की रोकथाम के लिए शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ मास्क लगाना जरूरी है। लगभग छह फीट की दूरी बनाए रखें। दूरी बनाकर कार्य करें। घर पर रहें सुरक्षित रहें। नियमित मास्क पहनें और टीकाकरण जरूर करवाएं।

**- साधना खेमसरा, समाजसेविका, दादावाड़ी के सामने जावरा**



दिनेश भंडारी

कोरोना महामारी के कारण असमय कई लोगों का निधन हो गया। इससे भी सिख न लेते हुए कई लोगों को बिना मास्क लगाए हुए बाजारों में घूमते हुए देखा जा सकता है। यह समय ऐसा है कि सावधानी ही आपकी सुरक्षा है। टीकाकरण ही कोरोना से जीतने का एक कारगर तरीका है।

**- दिनेश भंडारी, व्यवसायी, गांधी कालोनी**



उमेश कुमार मेड़ा

कोरोना महामारी के चलते नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। ज्यादा जरूरी हो तो ही घर से बाहर निकलें। टीकाकरण करवाएं। थोड़े से भी लक्षण नजर आने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक से तत्काल परामर्श लें। **-उमेश कुमार मेड़ा, फार्मासिस्ट, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ढोढर**

### मेडिकल कालेज में किया जा रहा सैनिटाइजेशन

निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से शहरी क्षेत्र में सोडियम हाईपोक्लोराइड से सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मेडिकल कालेज व माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्रों में भी हैंड मशीन से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। सोमवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, विनोबा नगर क्रिश्चियन कालोनी, सिलावटों का वास, कांग्रेस मोहल्ला, पटेल कालोनी, राजेंद्र नगर, ईश्वर नगर, भोभी मोहल्ला, गणेश नगर, इंद्रलोक नगर, मार्निंग स्टार स्कूल से नयागांव सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया। शहर में सैनिटाइजेशन के साथ स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई उपरांत सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

### आक्सीजन सिलिंडर सप्लाय निरंतर जारी

शासकीय मेडिकल कालेज में उपचाररत कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से आक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर आक्सीजन से सिलिंडर मेडिकल कालेज पहुंचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही इस कार्य की सतत निगरानी भी रखी जा रही है। नगर निगम द्वारा आक्सीजन सिलिंडर सप्लाय के अलावा मेडिकल कालेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कालेज में सैनिटाइजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है। कालेज के अंदर व बाहर सैनिटाइजेशन किया जा रहा है।

# दो बत्ती से महाराजा प्रतिमा तक बनेगी फोरलेन सड़क



रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक 4 लेन सड़क निर्माण के तहत दो बत्ती चौराहे से सज्जनसिंह महाराजा प्रतिमा चौराहा तक सड़क निर्माण कार्य हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि के साथ स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश ठेकेदार को दिए।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत महाराणा प्रताप चौक से डीआरएम ऑफिस तक 4 लेन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। तालाबंदी अवधि में आवागमन नहीं होने दो बत्ती चौराहों से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क का निर्माण कराया जाना है। श्री झारिया ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि दो बत्ती चौराहे से काला घोड़ा चौराहा तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें ताकि तालाबंदी अवधि में सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सकें।

# दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहे तक 4 लेन सड़क का जल्द होगा काम शुरू

## मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत होगा काम

रतलाम। मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत शहर में बन रहे सिटी फोरलेन का काम जारी हैं। अब दो बत्ती से काला घोड़ा चौराहे तक काम जल्द शुरू होगा। इसी

▶ **निगमायुक्त ने पूर्व महापौर के साथ किया निरीक्षण**

को लेकर सोमवार को पूर्व महापौर और निगमायुक्त ने निरीक्षण किया ।



# मास्क नहीं लगाने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई।

म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगायें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

3-5-2021

# मास्क नहीं लगाने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

स्पॉट फाईन दल द्वारा सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी, टीआईटी रोड, डाट की पुल, दो बत्ती क्षेत्र में 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई।

म.प्र. लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बीमारी संक्रमित वस्तु को स्पर्श तथा संक्रमित व्यक्ति के छींकने, खांसने तथा थूकने से बहुत तेजी से फैलती है। उक्त बीमारी की रोकथाम हेतु शासन द्वारा मास्क पहनना भी अनिवार्य किया गया है। निगम आयुक्त ने नागरिकों से अपील है कि वे अनिवार्य रूप से मास्क लगायें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

3-5-2021


मुख्यमंत्री ने कोरोना नियंत्रण कोर ग्रुप की बैठक में दिए निर्देश

# बाहर से आने-जाने वालों पर करें सख्ती

## होम आइसोलेशन व कोविड केयर सेंटर्स की अच्छी व्यवस्था हो

भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना की चेन ब्रेक करने का एक मात्र तरीका यही है कि जहां संक्रमण है, उसे वहीं रोकना होगा। गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले, गली-गली में जहां भी संक्रमण हो माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाएं तथा कोरोना को वहीं रोक दें। साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमण नहीं है, वहां बाहर से आने-जाने वालों पर सख्ती की जाए, जिससे वहां संक्रमण प्रवेश न कर पाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी के प्रयासों से मेरा गांव-कोरोना मुक्त गांव, मेरा मोहल्ला-कोरोना मुक्त मोहल्ला और मेरा शहर-कोरोना मुक्त शहर बनाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान रविवार को सीएम हाउस से कोरोना नियंत्रण कोर ग्रुप की बैठक ले रहे थे। बैठक में सभी संबंधित मंत्री तथा अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-घर सर्वे कर सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों की पहचान की जाए और उन्हें मेडिकल किट देकर इलाज शुरू कराया जाए। प्रारंभ से ही दवाई दिए जाने से मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाएंगे। इसके लिए गांव और शहरों में अभियान चलाया जाए। शहरों में कोरोना सहायता केंद्र बनाए जाएं, जहां से आसानी से मेडिकल किट उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों को मेडिकल किट एवं मार्गदर्शिका प्रदाय की जाए तथा इलाज के संबंध में प्रतिदिन डॉक्टर उनसे बात कर सलाह दें। जिन मरीजों के घर में जगह कम है उन्हें कोविड केयर सेंटर्स में रखा जाए। कोविड केयर सेंटर्स में इलाज के साथ ही भोजन आदि की भी अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। होम आइसोलेशन व्यवस्था को परफेक्ट बनाया जाए।



भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड-19 की रोकथाम एवं व्यवस्थाओं की कोर ग्रुप के मंत्री एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

## हाई पॉजिटिविटी वाले जिलों पर विशेष ध्यान दें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के हाई पॉजिटिविटी वाले जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रदेश के 15 जिलों में 25 प्रतिशत से अधिक सात दिन की औसत पॉजिटिविटी रेट है। टीकमगढ़ की 47 प्रतिशत, शिवपुरी की 39 प्रतिशत, दतिया की 34 प्रतिशत, अनूपपुर की 32 प्रतिशत, सिंगरौली की 31 प्रतिशत, नरसिंहपुर की 31 प्रतिशत, सीधी की 31 प्रतिशत, कटनी की 30 प्रतिशत, ग्वालियर की 29 प्रतिशत, निवाड़ी की 27 प्रतिशत, सीहोर की 27 प्रतिशत, भोपाल की 27 प्रतिशत, डिंडोरी की 27 प्रतिशत, बैतूल की 26 प्रतिशत तथा मुरैना की 26 प्रतिशत पॉजिटिविटी रेट है।

## होम आइसोलेशन व्यवस्था को परफेक्ट बनाएं

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि होम आइसोलेशन व्यवस्था को परफेक्ट बनाएं, जिससे मरीज घर पर ही स्वस्थ हो जाएं और उन्हें अस्पताल जाने की आवश्यकता ही न पड़े। प्रदेश में वर्तमान में 64,218 मरीज होम आइसोलेशन में है, इनमें से 13,596 ग्रामीण क्षेत्र में तथा 50,622 नगरी क्षेत्र में है।

**87,179 सक्रिय मरीज:** प्रदेश में नए प्रकरणों की तुलना में अधिक मरीज स्वस्थ होकर घर जा रहे हैं। इससे प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 12,652 नए मरीज आए, वहीं 13 हजार 890 मरीज स्वस्थ हुए। प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 87,179 हो गई है। प्रदेश की रिकवरी रेट 84.2 प्रतिशत तथा मृत्यु दर एक प्रतिशत है। संक्रमण की दृष्टि से प्रदेश देश में 14वें स्थान पर है।

**18 जिलों में 200 से अधिक नए प्रकरण:** जिलेवार समीक्षा में पाया गया कि प्रदेश के 18 जिलों में 200 से अधिक कोरोना के नए प्रकरण आए हैं। इंदौर में 1821, भोपाल में 1678, ग्वालियर में 1072, जबलपुर में 731 रीवा में 346, बैतूल में 328, रतलाम में 325, शिवपुरी में 276, दमोह में 268, उज्जैन में 262, सतना में 257, पन्ना में 249, धार में 233, सागर में 222, सिंगरौली में 216 अनूपपुर में 212, सीहोर में 212 तथा विदिशा में 209 नए प्रकरण आए हैं।

**बुरहानपुर की पॉजिटिविटी रेट सबसे कम:** कोरोना संक्रमण के मामले में बुरहानपुर जिले की साप्ताहिक औसत पॉजिटिविटी रेट सबसे कम तीन प्रतिशत है। वहीं छिंदवाड़ा की पांच प्रतिशत, खंडवा की 6 प्रतिशत, भिंड की 10 प्रतिशत तथा अशोकनगर की 11 प्रतिशत पॉजिटिविटी रेट है।

**कोविड केयर सेंटर्स में 1267 ऑक्सीजन बेड्स:** प्रदेश में संचालित हो रहे कोविड केयर सेंटर्स में से 80 में ऑक्सीजन की व्यवस्था है। इन सेंटर्स में 14,362 आइसोलेशन बेड्स तथा 1267 ऑक्सीजन बेड्स उपलब्ध हैं। कोविड केयर सेंटर्स में मरीजों के भोजन आदि की अच्छी व्यवस्था की गई है।

**ऑक्सीजन की निरंतर एवं पर्याप्त आपूर्ति:** प्रदेश को भारत सरकार की ओर से 589 मीट्रिक टन ऑक्सीजन का कोटा प्राप्त है, जिसके विरुद्ध गत दिवस 456 एमटी, आज 474 एमटी ऑक्सीजन आई तथा 3 मई को 543 एमटी ऑक्सीजन आने की संभावना है। ऑक्सीजन की एक मई को 548 एमटी तथा 2 मई को 566 एमटी आपूर्ति की गई। प्रदेश में 7 नए ऑक्सीजन प्लांट ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया। मई के अंत तक अधिकांश नए ऑक्सीजन प्लांट पूरे हो जाएंगे।

[illegible]
4-5-2021



# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

रतलाम। रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रैक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 01 मई को फायर लॉरी व टेऊक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, वार्ड क्रमांक 3 रेल नगर, वार्ड क्रमांक 5 जवाहर नगर, जवाहर नगर मुक्तिधाम, भक्तन की बावड़ी व त्रिवेणी मुक्तिधाम, अलकापुरी, धानरिया बाजार लम्बी गली, कृषि उपज मण्डी सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

[illegible]

3-5-2021

# ...व्र रहा उत्साह, 2091 लोगों को लगी
# ...ड़, सैंपल देने के लिए भी उमड़ रहे लोग




राजीव गांधी सिविक सेंटर स्थित तरणताल पर कोविड-19 की जांच के लिए कतार लगाकर खड़ें हैं लोग।

## मेडिकल कॉलेज के गेट पर वाहनों में तड़प रहे मरीज

18

# मेडिकल कॉलेज की दहलीज पर तड़पती जान 4 से 5 घंटे इंतजार में लेते रहते ईश्वर का नाम

### ट्राइज में आने के बाद वार्ड तक जाने के लिए भी करना पड़ता है इंतजार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 4-5-2021

रतलाम. जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच तबीयत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज पहुंचने वाले मरीजों को उपचार के लिए घंटों जद्दोजहद करना पड़ रही है। अस्पताल में बेड फुल होने के चलते यहां के मुख्य द्वार को बंद कर वहां पर गार्ड तैनात कर दिए गए हैं। जब तक वार्ड में जगह नहीं होती तब तक गेट खोलने की अनुमति नहीं मिलती है। ऐसे में 4 से 5 घंटे तक मरीज अस्पताल के गेट के बाहर वाहनों में ही तड़पते रहते हैं।

मेडिकल कॉलेज के यह हाल 1 दिन के न होकर अब हर दिन के बन गए हैं। यहां जब तक वार्ड में जगह नहीं होती तब तक नए मरीज को अस्पताल परिसर के भीतर भी नहीं लिया जाता है, फिर चाहे वह कितना भी गंभीर क्यों ना हो। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बीच मरीज ऑटो-रिक्शा, एंबुलेंस या कार में तड़पता रहता है। परिजनों की लाख मिन्नतों के बाद भी मरीज के वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाता है और ना ही मरीजों को देखने अंदर से कोई डॉक्टर बाहर आता है। ऐसे में कई बार मरीजों को समय पर उपचार और ऑक्सीजन नहीं मिलने से उनकी तबीयत और बिगड़ जाती है।

### जगह है, प्लानिंग नहीं

मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में स्टाफ को बढ़ाए जाने के बाद भी यहां पर ऑक्सीजन वाले बेड नहीं बढ़ाएं जा रहे हैं जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि अस्पताल परिसर में पर्याप्त मात्रा में स्थान उपलब्ध है, उसके बाद भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते मरीज और उनके परिजन परेशान होते रहते हैं।

### जगह होने पर भर्ती

अस्पताल प्रबंधन की माने तो जब तक वार्ड में जगह नहीं होती तब तक नए मरीज को नहीं लिया जाता है, यदि उसे ले लेंगे तो उसके लिए ऑक्सीजन की व्यवस्था कहां से होगी, यही कारण है कि मरीजों को गेट के अंदर ही नहीं लिया जाता है जिससे कि विवाद की स्थिति ना बने। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि गंभीर मरीज को वह प्राथमिकता देते हैं लेकिन यहां ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है

एम्बुलेंस में इंतजार...घंटों बाद मिला उपचार



पल-पल गुजारना पड़ रहा भारी





7

अब वार्डों में दवाई छिड़काव पर जोर

# 100 प्रतिशत सैनेटाइजेशन के बाद शुरू किया दूसरा चरण



4-5-2021

रतलाम @ पत्रिका. शहर के विभिन्न वार्डों में दमकल से सैनिटाइज करने के काम को 100 प्रतिशत पूरा करने के बाद अब नगर निगम ने इस कार्य का दूसरा चरण शुरू कर दिया है।

नगर निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। शहर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

पत्रिका। 4-5-2021



## होम आइसोलेट 73 मरीजों के घर पहुंचाई मेडिसिन किट

रतलाम | कोरोना संक्रमित होकर होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करवा रहे 73 मरीजों के घर तक सोमवार को मेडिसिन किट पहुंचाई गई। ई-दक्ष केंद्र से 89 मरीजों की सूची मिली थी। 73 मरीजों को मेडिसिन किट दी गई। 10 मरीज अस्पताल में भर्ती मिले। दो मरीजों के कांटेक्ट नंबर और पते गलत लिखे थे। एक मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र से बाहर का पाया गया।

4-5-2021

## 73 मरीजों को मेडिसिन किट दी

रतलाम। ई-दक्ष केंद्र से सोमवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 89 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 73 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर जाकर किया गया। 10 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाए गए।

4-5-2021

# होम आईसोलेशन के 73 मरीजों को किया मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 03 मई सोमवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 89 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई।

वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 73 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 10 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 2 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 1 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 3 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

4-5-2021

## होम आईसोलेशन के 73 मरीजों को किया मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से सोमवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 89 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 73 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 10 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 2 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 1 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 3 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

4-5-21


## 73 मरीजों को किया मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम ● कोविड-19 संक्रमण में होम आइसोलेशन के मरीजों को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किए जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजों के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 73 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 10 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 2 मरीजों के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाए गए तथा 1 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 3 मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

4-5-2021

## आज से तीन दिन किराना दुकानें भी पूरी तरह बंद, नहीं होगी होम डिलीवरी

रतलाम। किराना दुकानों को सुबह चार घंटे खुला रखने पर रोक लगाते हुए दो दिन पहले सिर्फ होम डिलीवरी की ही अनुमति दी गई थी, लेकिन अब थोक किराना व्यापारी संघ ने मंगलवार से शुक्रवार सुबह छह बजे तक सभी किराना दुकानें पूर्ण रूप से बंद रखने का निर्णय किया है। इस दौरान होम डिलीवरी भी नहीं होगी। थोक किराना व जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी ने बताया



कि कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए लोग घरों में ही रहें। इस निर्णय से बाजार में आवाजाही कम होगी और संक्रमण फैलने से रोकने में मदद मिलेगी।

**फल, सब्जी विक्रेताओं पर भी रोक**

चार मई को (सब्जी एवं फल मंडी सहित) फेरी पर सब्जी, फल बेचना भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में संशोधित आदेश जारी किए गए हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन गतिविधियां, शासकीय कार्य को छोड़कर, अन्य सभी निजी निर्माण कार्य सात मई तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

नई दुनिया
4-5-2021

**जांच शुरू** • रिलायंस फ्रेश, सर्वानंद बाजार, फायदा बाजार और वेलकम मार्ट पर पहुंचा नापतौल व खाद्य अमला

# एमआरपी से ज्यादा दाम न ले सकें इसलिए होम डिलीवरी का सामान खोल बिल जांचे

### शॉपिंग मॉल की जांच में नहीं मिली गड़बड़ी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

4-5-2021

लॉकडाउन में दुकानदार ग्राहकों से एमआरपी से ज्यादा ना वसूलें इसके लिए सोमवार को नापतौल विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग के अमले ने दुकानों पर पहुंच जांच की। दोनों विभाग के अधिकारी शहर के शॉपिंग मॉल पर पहुंचे और जांच शुरू की।

मॉल में दाखिल होने के बाद होम डिलीवरी के लिए पैक कर रखे सामान को निकलवाया व एमआरपी और बिल का मिलान किया। इस पर बिल में जानकारी सही मिली। रिलायंस फ्रेश, सर्वानंद बाजार, फायदा बाजार और वेलकम मार्ट में अधिकारियों ने जांच की और होम डिलीवरी के लिए पैक किए सामान की जांच कर बिल का मिलान किया। इस पर मिलान सही निकला। नापतौल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी नसीम खान एवं खाद्य एवं औषधि विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी यशवंत शर्मा ने जांच की। विभाग की यह जांच आगे भी जारी रहेगी।

### प्रशासन की सजगता : एमआरपी से ज्यादा वसूलें तो यहां करें शिकायत



शॉपिंग माल में जांच करते नापतौल और खाद्य औषधि विभाग के अधिकारी।

लॉकडाउन में किराना दुकानें बंद हैं और किराना सामान की होम डिलीवरी की गई है। ऐसे में यदि आपसे एमआरपी से ज्यादा दाम वसूलें तो आप इसकी शिकायत नापतौल विभाग के अधिकारी से कर सकते हैं। आप मोबाइल नंबर 94253-72952 पर कर सकते हैं। इससे विभाग संबंधित दुकानदारों पर कार्रवाई कर सकें।

### ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों को भी नहीं देंगे सामान

किराना बाजार पूरी तरह से लॉक हो गया है। अब ना तो होम डिलीवरी दी जाएगी और ना ही ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों को सोमवार को किराना सामान दिया गया। अब 7 मई तक पूरी तरह से बाजार बंद रहेगा। अब 7 मई को ही बाजार फिर से खुलेगा।

### किराना सामान का लॉकडाउन तो बढ़ी होम डिलीवरी

कोरोना वायरस को देखते हुए सोमवार शाम से किराना का लॉकडाउन शुरू हो गया है। इससे सभी किराना दुकानें 7 मई की सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगी। ऐसे में सोमवार को होम डिलीवरी के ऑर्डर बढ़ गए। एक ही दिन में 4 हजार से ज्यादा घरों में होम डिलीवरी किराना दुकान संचालकों ने दी है जबकि तीन दिन पहले की बात करें तो डिलीवरी का आंकड़ा 700 के आसपास ही था, लेकिन दुकानें बंद होने से पहले होम डिलीवरी का आंकड़ा बढ़ गया है।

दै. भास्कर
4-5-2021

लॉकडाउन में सीवरेज सिस्टम का काम अनलॉक • जून तक पूरे शहर में सीवरेज सिस्टम का काम हो जाएगा पूरा

# 24 दिन में बिछाई 1.9 किमी मुख्य लाइन, भारी ट्रैफिक वाला रोड होने से साल भर से ठप था काम

## खेतलपुर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में आज लगेगा मीटरिंग इक्यूपमेंट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

4-5-2021

बाजार वाली शहर की मुख्य सड़कों का करीब साल भर से 11 जगह पर अटका पड़ा सीवरेज लाइन का काम लॉकडाउन की वजह से महज 24 दिन में पूरा हो गया है। इनमें अधिकांश मुख्य व सब ट्रंक लाइन के साथ रोड क्रॉसिंग वाली लाइन थी, जिसके लिए यातायात पूरी तरह रोकना पड़ता।

कोरोना कर्फ्यू में ट्रैफिक नहीं होने का फायदा उठाते हुए नगर निगम ने अप्रैल के प्रथम सप्ताह में 15 जगह पर 4.9 किमी लाइन के अधूरे काम को टारगेट में लिया था। लॉकडाउन लगते ही ठेकेदार कंपनी ने एक साथ 6 स्थानों पर काम शुरू किया। 11 जगह सीवर लाइन डलने के बाद रिस्टोरेशन भी हो चुका, जबकि दो स्थानों पर लगभग 2742 मीटर लंबी लाइन डालने का काम चल रहा है। इस तरह लॉकडाउन में अब तक 3.29 किमी सीवरेज लाइन बिछाई जा चुकी है। दो स्थान ऐसे भी हैं जहां 250 मीटर सीवरेज लाइन का काम अभी अधूरा पड़ा है। ये काम भी 25 दिन में हो जाएंगे।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया सीवरेज का काम थोड़ा-बहुत बाकी है, वह 20-25 दिन में निपट जाएगा। 43000 में 15000 हाउस कनेक्शन हो चुके हैं।

### शहर में अब तक यहां पूरा किया सीवरेज लाइन का काम

| क्र. | क्षेत्र | लंबाई | गहराई | क्या किया |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हाट की चौकी | 50 | 2 | रोड क्रॉसिंग |
| 2. | आशीर्वाद नर्सिंग होम गली से हाट चौकी तक | 150 | 2 | मुख्य लाइन रोड क्रासिंग |
| 3. | भाम्भी मोहल्ले से गौशाला चौराहा | 50 | 1.5 | रोड क्रॉसिंग |
| 4. | गेलड़ा नमकीन से चमारिया नाका | 700 | 1.5-2.75 | रोड क्रॉसिंग/मुख्य लाइन |
| 5. | चमारिया नाका से फूल मंडी तक | 220 | 1.2-2.1 | मुख्य लाइन और रोड क्रॉसिंग |
| 6. | नागरिक विश्राम गृह से नानि तक | 230 | 1.5-3.5 | रोड क्रॉसिंग, सब ट्रंक लाइन |
| 7. | बैंक कॉलोनी गेट नं. एक के सामने | 40 | 1.5 | रोड क्रॉसिंग |
| 8. | यातायात थाने से दो बत्ती | 150 | 1.5 | रोड क्रॉसिंग, सब ट्रंक लाइन |
| 9. | व्यास बेकरी से प्रताप प्रतिमा तक | 150 | 2 | रोड क्रॉसिंग व मुख्य लाइन |
| 10. | साथी पेट्रोल पंप से अंदर जाने वाली रोड | 120 | 2.5 | मुख्य लाइन |
| 11. | दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग | 50 | 1.5-2 | रोड क्रॉसिंग |

### यहां अब भी अधूरा सीवरेज लाइन का काम

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोशाला चौराहा से पुराना बाजना बस स्टैंड | 100 | 1.2 | मुख्य लाइन रोड क्रॉसिंग |
| 2. | दो बत्ती से न्यू रोड आनंद फर्नीचर तक | 150 | 1.5 | रोड क्रॉसिंग, मुख्य लाइन |

### अभी सीवरेज प्रोजेक्ट का यहां पर चल रहा काम

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | द्वारका रेसीडेंसी से राम मंदिर तिराहा तथा सनसिटी से अरिहंत कॉलेज तक | 2392 | 1.5-3.2 | मुख्य लाइन |
| 2. | सांवलिया बिल्डिंग मटेरियल टैंकर रोड से शनि मंदिर तक | 350 | 3.5 | मुख्य लाइन |

(नोट-लंबाई और गहराई मीटर में)



घास बाजार में लाइन डालने के लिए खुदाई करती जेसीबी।

### सीवरेज सिस्टम की मौजूदा स्थिति

| काम | होना है | हो चुका |
|---|---|---|
| सीवरेज लाइन | 273 किमी | 269.5 किमी |
| मैन होल | 5150 | 5150 |
| हाउस चैंबर | 11500 | 11600 |
| होम कनेक्शन | 43279 | 15000 |
| पंपिंग स्टेशन | 5 3 पूरे | 2 निर्माणधीन |

### इसी माह एसटीपी में साफ होने लगेगा पानी

सीवरेज लाइन से होकर आने वाले गंदे पानी को साफ करने (पीने योग्य नहीं) के लिए खेतलपुर और करमदी रोड के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार हैं। 16 एमएलडी क्षमता वाले खेतलपुर प्लांट में बिजली कनेक्शन और उपकरण लगने के बाद मंगलवार को मीटरिंग इक्यूपमेंट लगेंगे। बिजली आते ही टेस्टिंग शुरू कर दी जाएगी। मई अंत तक प्लांट फंक्शनल हो जाएगा। करमदी रोड वाले एसटीपी में भी उपकरण लगाने का काम चल रहा है। 10 से 12 दिन में यह भी चालू हो जाएगा।

लोग नहीं समझ रहे जिम्मेदारी

# पुलिस की सख्ती के बाद भी बाजार में निकलने से नहीं मान रहे शहरवासी

**रतलाम.** शहर में कोरोना ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हर दिन तीन सौ से ज्यादा मरीज पाजिटिव निकल रहे हैं। इसके बाद भी लोग अपनी और परिवार की जिम्मेदारी नहीं समझकर बेधड़क बाजार में निकलने से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने बताया कोरोना की वजह से 7 मई तक लॉक डाउन बढ़ा दिया गया है। ऐसे में लोगों के लगातार बाहर निकलने वालों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस दौरान रविवार को मोटर व्हिकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 162 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है।

लॉक डाउन मे बिना किसी वजह बाहर घूमने वाले व्यक्तियों पर भी कार्रवाई की जा रही है। बाजार में चौराहों पर लगे पुलिस जवान उन्हे समझाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं किंतु फिर भी लोग बाहर निकलने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 61 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर अस्थाई जेल में निरुद्ध किया गया है।

## मास्क नहीं लगाने पर चालान

बिना वजह बाजार में घुमने वालों के साथ ही बिना मास्क के ही शहर में आने-जाने वालों पर भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। मास्क का उपयोग न करने वालो के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 169 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए समन शुल्क वसूला गया है एवं उन्हें मास्क का वितरण भी किया गया है।

## बिना वजह निकलने वालों पर कार्रवाई

माणकचौक पुलिस ने ऐसे ही 28 चालान बनाकर उनसे समन शुल्क के रूप में नौ हजार रुपए भी वसूले गए। इन सभी 28 मामलों में 39 लोगों को ओपन जेल में रखे जाने की सजा भी दी गई। माणकचौक पुलिस थाना प्रभारी अय्यूब खान ने बताया कि इसी तरह सड़ी से या बिना मास्क के ही बाजार में घुमने वाले लोगों के खिलाफ 22 चालान बनाए जाकर 2200 रुपए भी वसूले गए। माणक चौक में स्टाइल एंड फैशन दुकान के संचालक जियाउद्दीन पिता अब्दुल कादर 57 ने अपनी दुकान खोलकर कोरोना संक्रमण रोकने के लिए लगाई गई धारा 144 का उल्लंघन किया।

# 50 लोगों के चालान बनाकर 11,200 वसूले, 39 को अस्थायी जेल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर पुलिस सख्ती बरत रही है परंतु आमजन अनावश्यक रूप से मास्क लगाए बगैर घूम रहे हैं। सोमवार को पुलिस ने बाजार क्षेत्र में 39 लोगों को अस्थाई जेल भेजा गया तथा 50 लोगों के चालान बनाकर 11,200 रुपए वसूले। ग्राहकों की भीड़ मिलने पर दो व्यवसायियों तथा मजदूरों की भीड़ मिलने पर निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

माणकचौक थाना प्रभारी अय्यूब खान ने बताया अनावश्यक रूप से घूम रहे 28 लोगों के चालान बनाकर 9000 रुपए तथा बगैर मास्क के घूम रहे 22 लोगों के चालान बनाकर 2200 रुपए वसूले हैं। 39 लोगों को अस्थायी जेल भेजा गया है। माणकचौक क्षेत्र में रेडीमेड कपड़ों की दुकान में भीड़ मिलने पर दुकानदार जियाउद्दीन पिता अब्दुल कादर (57) निवासी माणकचौक के खिलाफ जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। 80 फीट रोड पर विजय अग्रवाल के निर्माणाधीन मकान में छत भरने के लिए मजदूरों की भीड़ एकत्रित करने पर ठेकेदार राजू पिता कन्हैयालाल कुमावत (55) निवासी कुमावतों का वास के खिलाफ तथा सैलाना में किराना दुकान पर ग्राहकों की भीड़ मिलने पर व्यवसायी नंदकिशोर कसेरा पर केस दर्ज किया है।

**मास्क नहीं लगाया, 11 व्यक्तियों पर जुर्माना :** बिना मास्क लगाए घूम रहे 11 व्यक्तियों को सोमवार को नगर निगम के अमले ने पकड़ा। प्रत्येक से 100 रुपए का जुर्माना लिया। कार्रवाई सैलाना बस स्टैंड, दो बत्ती, माणकचौक क्षेत्र में की गई। बता दें कि लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अंतर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक बीमारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

## जरुरत 10 काम्प्रेक्टर वाहन की, है मात्र दो

# अब बंद किया कचरा घर



रतलाम. शहर के डॉ. अंबेडकर मैदान में नगर निगम ने कचरा घर बनाया हुआ था। पत्रिका द्वारा इस मामले के उजागर किए जाने के बाद नगर निगम ने इसको बंद कर दिया है। निगम का कहना है कि उनकी परेशानी यह है कि शहर को 10 कांम्प्रेक्टर वाहन की जरुरत है, जबकि उसके पास दो ही है। इसलिए कचरे को मैदान में एकत्रित किया जा रहा था।

बता दे कि शहर में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया स्वयं एक एक कार्य की समीक्षा कर रहे है। उपायुक्त विकास सौलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह आदि पूरी टीम के साथ सहयोग कर रहे है। इसके बाद भी डॉ. अंबेडकर मैदान में कचरा एकत्रित किया जा रहा था। इसी मामले को पत्रिका ने उजागर किया था कि मैदान में कचरा है लेकिन सड़कों की सफाई करवाई जा रही है। इसके बाद ही आयुक्त झारिया ने इस मामले को संज्ञान में लिया व इसको बंद करने के आदेश जारी करते हुए कचरा डालने के लिए आने जाने वाले मार्ग पर ही ताला लगा दिया।

शहर में नगर निगम के पास इस समय दो कॉम्पेक्टर वाहन है। हमको जरुरत 10 की है। इसको बढ़ाने के प्रयास जारी है। इसलिए मैदान में कचरा था, जिसको बंद कर दिया गया है।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम